सुविचार

हिसाब सिर्फ ऊपर वाले ने ही सही लगाया है,
सबको खाली हाथ भेजा और खाली हाथ ही बुलाया है।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...




अंतर्कथा | वर्ष 27, अंक 114 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | गुरुवार 25 जुलाई 2024 | पेज- 1

# झारखंड सरकार और टाटा ग्रुप के बीच एमओयू साइन, अब रांची में खुलेगा ताज होटल

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची : झारखंड सरकार और टाटा ग्रुप के बीच एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत झारखंड के रांची में ताज होटल का निर्माण किया जाएगा। रांची के स्मार्ट सिटी में 6 एकड़ जमीन पर यह होटल चार सालों में बनकर तैयार होगा। 200 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ बनेगा होटल ताज। इस ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के साथ आईएचसीएल ने रांची में अपना पहला कदम रखा है।

राजधानी के कोर कैपिटल एरिया में स्थित होने की वजह से यह होटल रांची शहर के बीचो-बीच, विधानसभा, सरकारी कार्यालयों और कॉर्पोरेट मुख्यालयों के बहुत नजदीक होगा। झारखंड मंत्रालय सभागार में आयोजित इस MOU कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई " द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड " के बीच ताज होटल निर्माण हेतु एमओयू पर संपन्न हुआ।

रांची के धुर्वा में प्राइम लोकेशन पर यह होटल बनेगा, जहां से कनेक्टिविटी और विजिबिलिटी दोनों बहुत बेहतरीन मिलेंगे। 200 कमरों के ताज, रांची में मेहमान काफी बड़े बैंक्वेट एरिया सहित कई आधुनिक सुविधाओं, एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों और सुसज्जित वेलनेस सेंटर का आनंद लेंगे।

वहीं इस मौके पर मुख्यमन्त्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज इस सभागार से हम एक नए कदम बढ़ा रहे है। एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि इस राज्य में लग्जरी होटल की स्थापना हो रही है

सरकार और टाटा समूह के साथ हस्ताक्षर कार्यक्रम हुआ। एकरारनामा अपने आप मे सुखद है यह और सुखद तब होगा जब होटल बनकर तैयार होगा।

वहीं टाटा समूह के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। इसको लेकर हेमन्त सोरेन ने हमसे काफी चर्चा किया था। पिछले कुछ सालों में और ताज ग्रुप्स की तरफ से बहुत सपोर्ट मिला है। हम लोग भी चाहते थे कि रांची जो एक स्टेट कैपिटल है वहां एक इस टाइप का एक होटल हो।

## अरे तुम महिला हो, कुछ जानती हो.. चुपचाप सुनो'

### जानें विधानसभा में किस MLA पर भड़क उठे नीतीश कुमार

अंतर्कथा प्रतिनिधि



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार विधानसभा में एक बार फिर से भड़क गए. उन्होंने आरजेडी विधायक रेखा देवी पर हमला करते हुए कहा कि तुम महिला हो, कुछ जानती नहीं हो. वहीं विपक्षी सदस्यों की तरफ से मुख्यमंत्री हाय हाय कहने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़ा होकर कहा कि आप कह रहे हैं मुझे हाय हाय तो आप लोग भी हाय हाय.दरअसल नीतीश कुमार जब अपना भाषण देने के लिए खड़े हुए तो विपक्ष जोरदार हंगामा करने लगा. ऐसे में नीतीश कुमार नाराज हो गए और आरजेडी की विधायक रेखा देवी पर भड़क गए.

उन्होंने कहा कि अरे महिला हो कुछ जानती हो? कहां से आते हैं, उन लोगों ने कुछ किया है? 2005 के बाद महिला को हमने आगे बढ़ाया है. "जो हम बोल रहे हैं अगर बैठकर सुन लीजिएगा तो आपलोगों (विपक्ष) को ठीक लगेगा. हमारी इच्छा थी सबको बुलाने की. हमने सबको बुलाकर बैठक किया, सर्वे कराया गया. जातीय जनगणना हमने करवाया. आप लोग बस ऐसे ही बोलते रहते हैं. आरक्षण हमने करवाया था. अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो? कहां से आते हैं? ये लोग कोई महिला को आगे नहीं बढ़ाया, हमने 2005 के बाद बढ़ाया है. तुम (रेखा देवी) बोल रही हो, चुपचाप सुनो."- नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार

आरक्षण के मुद्दे पर क्या बोले नीतीश?: एक तरफ मुख्यमंत्री बोल रहे थे तो दूसरी तरफ विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे. मुख्यमंत्री ने कहा कि सारा काम तो हम ही किए हैं. आप लोगों ने साथ दिया है आप लोगों के पास कोई आईडिया था? आरक्षण मामले को लेकर हम लोग सुप्रीम कोर्ट गए हैं और केंद्र को भी हम लोगों ने दे दिया है.

## झारखंड कैबिनेट ने कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा

▸ राज्य सरकार ने भत्ता बढ़ाने का किया ऐलान

अंतर्कथा प्रतिनिधि



रांची: हेमंत कैबिनेट की बैठक में आज कई बड़े फैसलों को मुहर लगी। लेकिन, सबसे खास तोहफा कर्मचारियों को मिला। कैबिनेट ने राज्य कर्मचारियों के एचआरए में बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है।

वित्त विभाग की तरफ से एचआरए में बढोत्तरी का प्रस्ताव पहले ही तैयार कर लिया गया था, आज कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे राज्यकर्मियों के लिए लागू कर दिया जायेगा। HRA में भी शहरों की कैटेगरी के हिसाब से बढ़ोत्तरी की गयी है। झारखंड के अलग-अलग शहरों को X,Y और Z कैटेगरी में बांटा गया है। सबसे ज्यादा वृद्धि X श्रेणी के शहरों में पदस्थ कर्मचारियों के HRA में होगा, वहीं उसके बाद Y और फिर Z श्रेणी के शहरों के लिए की जायेगी।

## केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम ने रांची के मैक्लुस्कीगंज, लातेहार और चंदवा में नक्सली समर्थक के यहाँ की छापामारी




अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की टीमों ने रांची के मैक्लुस्कीगंज और लातेहार चंदवा के कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा में जितेन्द्रनाथ पांडेय व रोहित यादव नाम के दो लोगों के घर पर एनआइए का छापा पड़ा है. एनआइए की टीम सुबह चार बजे ही मैक्लुस्कीगंज थाना पहुंची थी. 5:30 बजे से कार्रवाई शुरू हुई. पुलिस ने दोनों घरों को घेर लिया है.घरों के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं. किसी को भी घरों से निकलने या अंदर जाने की अनुमति नहीं है. दरअसल, रोहित यादव के लपरा स्थित घर, चंदवा थाना के निंद्रा घर अन्य व्यवसायिक ठिकानों पर और जितेन्द्रनाथ पांडेय का लपरा स्थित घर सहित अन्य ठिकानों पर छापामारी चल रही है.

बता दें कि रोहित यादव कुख्यात नक्सली नकुल यादव व 15 लाख के इनामी नक्सली रविन्द्र गंझू का समर्थक बताया जाता है. कुछ वर्ष पूर्व लपरा स्थित रोहित यादव के घर पर पुलिस ने छापेमारी की थी|

## जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में रूस के सहयोग से बन रहे एंटी एयरक्राफ्ट बम, आर्म्ड ह्वीकल को कर देगा नेस्तानाबूत

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित आयुध निर्माणी खमरिया(ओएफके) बमों की नई श्रृंखला तैयार में जुटा है। इसमें रूस की निजी क्षेत्र की कंपनी का सहयोग महत्वपूर्ण है। रूसी कंपनी के साथ ट्रांसफर आफ टेक्नोलाजी (टीओटी) के तहत इन बमों का उत्पादन संभव हो सका है।

### बमों में आर्म्ड ह्वीकल को भेदने की क्षमता

निर्माणी में विशेषज्ञ टीम की देखरेख में एक आधुनिक प्लांट विकसित किया गया है, जिसमें बमों को तैयार किया जा रहा है। ये वर्जन एंटी एयरक्राफ्ट बम हैं। साथ ही लाइट आर्म्ड ह्वीकल को भेदने की क्षमता रखते हैं। 30 एमएम के तीनों वर्जन पूर्व में रूसी कंपनी ही बनाती रही है। बाद में म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआइएल) की एक इकाई ओएफके में इसका उत्पादन संभव हुआ। इन बमों के लिए रूसी कंपनी के साथ एमआईएल ने तकनीक के हस्तांतरण के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए थे। ओएफके की विशेषज्ञ टीम ने 30 एमएम बम की तकनीक का गहन अध्ययन किया। साथ ही इसमें कुछ और तकनीकी बदलाव कर इसकी मारक क्षमता में इज़ाफा कर स्वदेशीकरण अभियान को गति देते हुए एक अचूक लक्ष्य भेदने वाला बम बनाने में सफलता हासिल की।

### बमों की क्षमता30 एमएम एचईआई

हाई एसक्लूसिव इनडूयू को हिट करने पर आग के गोले में बदलकर यह दुश्मन के टैंक या ह्वीकल को पूरी तरह जला देता है। यह एंटी एयरक्राफ्ट है। आकाश में इसकी रेंज दो हजार मीटर और मैदानी टारगेट पर यह चार हजार मीटर की रेंज तक जाकर लक्ष्य को नष्ट करता है।

# रेलवे के बेहतर परिचालन के लिए अमर बाउरी व ढुल्लू महतो रेल मंत्री से मिले

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद :धनबाद लोक सभा क्षेत्र एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में रेलवे की बेहतर परिचालन हेतु बुधवार को चंदनकियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की।

मुलाकात में चंदनकियारी विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंदनकियारी के अपने पत्र के माध्यम से कहा कि झारखण्ड का बोकारो जिला एवं धनबाद जिला औद्योगिक क्षेत्र है। यहां के खदानो से कोयला कई राज्यों में भेजे जाते है।

यहां स्थापित खदानों एवं कल कारखानों में बोकारो, धनबाद के हजारों कामगार प्रतिदिन यात्रा करते हैं। वर्तमान में भोजुडीह एवं गौरीनाथ धाम में रेल लाईन एवं रेलवे स्टेशन स्थापित है। आजादी के अमृत काल 75 वर्ष के बाद भी चंदनकियारी एवं बरमसिया रेल लाइन से अछूते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि भोजुडीह- गौरीनाथ धाम भाया चंदनकियारी, बरमसिया रेल खंड स्थापित किया जाता है तो, न सिर्फ रेलवे को करोड़ो रुपये के राजस्व की प्राप्ति होगी, बल्कि लाखों कामगारों को सुगम रेल यात्रा प्राप्त होगी। इससे सड़क परिवहन पर अत्यधिक बोझ कम भी होगा। वहीं धनबाद के सांसद ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि धनबाद जिले के अंतर्गत श्री राम राज मंदिर चिटाहिधाम आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आते हैं। मंदिर परिसर तक आने हेतु NH 32 सीनीडीह से मुख्य रास्ता मंदिर तक जाता है। उक्त रास्ते में धनबाद- चन्द्रपुरा रेलखंड के 20वें किलोमीटर में अवस्थित अंडरपास से होकर जाना पड़ता है, जो अत्यंत ही संकरा और छोटा है। उन्होंने आग्रह किया कि श्रधालुओं एवं ग्रामीणों के सुगम आवागमन हेतु धनबाद- चन्द्रपुरा रेलखंड के 20वें किमी में अवस्थित अंडरपास की चौड़ाई को बड़ा किया जाए ताकि बड़ी को आने जाने में कोई परेशानी न हो।

## बाजार समिति चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बुधवार को बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व चैंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने किया, ने झरिया की विधायिका और विधानसभा सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में चुनावी प्रक्रिया को मंडी परिसर से बाहर स्थानांतरित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में मंडी परिसर को 15 दिनों तक बंद कर दिया गया था, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ और सरकार को राजस्व की हानि भी हुई। इसके अलावा, मंडी परिसर में कार्यरत मजदूरों, कर्मचारियों और ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के ड्राइवरों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांग को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह के सामने रखेंगी और व्यापारियों की समस्या का समाधान करने का भरपूर प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में बाजार समिति चैंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया और विनोद सिंघल उपस्थित थे।

## नगर निगम ने चुनाव आयोग के धनबाद आइकॉन श्वेता किन्नर को किया सम्मानित



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बुधवार को धनबाद लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने व अहम भूमिका निभाने वाले को नगर निगम के नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने अपने कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान नगर निगम के कई अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि धनबाद लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान का प्रतिशत अच्छा हुआ है जिसमें धनबाद आईकॉन समेत सभी कर्मियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है।अब हम लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में भी इससे अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करूंगा इसलिए इस बार धनबाद नगर निगम जोर शोर तैयारी में लगे हुए हैं। पहली बार किन्नर समाज के धनबाद आईकॉन श्वेता किन्नर जिन्होंने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बहुत ही अच्छा प्रयास किया उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर नगर आयुक्त ने सम्मानित किया।

## प0 बंगाल कुल्टी,एलसी मोड़ के नाला पर बने कलर्भट की साफ-सफाई हुआ



अंतर्कथा प्रतिनिधि

कुल्टी: कुल्टी जीटी रोड से सटे एलसी मोड़ के नाला पर बने कलर्भट की साफ-सफाई बुधवार को स्थानीय वार्ड नंबर 70 के पार्षद वकील दास के प्रयास से शुरु हुई। जिसको लेकर स्थानीय लोग में हर्ष का माहौल हैं। इस संबंध में कुल्टी के वार्ड नंबर 70 के पार्षद वकील दास ने बताया हैं कि जीटी रोड एलसी मोड़ के पास बना कलर्भट जानलेवा समाचार के प्रकाशित होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। एक दो रोज में कलर्भट बनाने का कार्य आरंभ होगा। पार्षद वकील दास ने बताया कि आज प्रथम चरण में कलर्भट की सफाई होगी और गुरुवार से कलर्भट को नया रूप दिया जायेगा। जिसके लिए टैंडर हो चुका हैं। नया कलर्भट बनाने में लगभग डेड़ लाख रुपए खर्च होगा। कार्य आरंभ करवाने में पूर्व पार्षद तथा कुल्टी ब्लांक हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रेमनाथ साव की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## उपायुक्त ने किया बीबीएमकेयू का भ्रमण



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने पूरे यूनिवर्सिटी परिसर और विभिन्न ब्लॉक में स्थित हॉल का निरीक्षण किया। आगामी विधानसभा चुनाव में यूनिवर्सिटी में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, विधानसभा वार स्ट्रांग रूम, चुनाव के लिए मतदान सामग्री का डिस्पैच, चुनाव के बाद मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए रिसीविंग स्थल, वाहनों के सुगमता से प्रवेश एवं निकास मार्ग, मतगणना स्थल, पावर बैक अप, पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं को लेकर बारीकी से अध्ययन किया। इस दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा, बीबीएमकेयू के कुलानुशासक डॉ अजीत कुमार, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# बादलपुर स्कूल में भवन निर्माण में खराब सामग्री का हो रहा है इस्तेमाल

अंतर्कथा प्रतिनिधि




निरसा :कलियासोल प्रखंड के बादल पुर गांव में शिक्षा विभाग द्वारा नये उच्च विद्यालय का भवन और चार दीवारी का जो निर्माण किया जा रहा है वह बड़े ही घटिया इट और बालू से किया जा रहा है!

इस सम्बन्ध में जिला परिषद सदस्य संख्या:26/के सदस्य बसुंधरा पाल को बादल पुर के ग्रामीणों ने बादल पुर बुलाकर स्कूल के निर्माण कार्य को दिखाया गया!

सही में जो विद्यालय में उस गांव में हजारों हजार की संख्या में छात्र छात्रा पढ़ने जायेंगे तो उस भवन में अगर किसी प्रकार का अप्रिये घटना घटेंगे तो इसका जिमेवार कौन होगा!जब जीप सदस्य बसुंधरा पाल ने जब उस गांव में पहुंचा तो देखा की सही में ग्रामीणों का आरोप सही है!जब ठीकेदार से इस सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कुछ बताने से इंकार किया!और उन्हें आप शब्द का इस्तेमाल किया!इस सम्बन्ध में जीप सदस्य बसुंधरा पाल ने 2/2/24/को एक धनबाद के उपायुक्त के एक पत्र लिखकर जानकारी दिया!उस पत्र में निरसा के विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने फॉरवद कर उचित जाँच कर कार्रवाई करने को कहा!लेकिन अभी तक उपायुक्त महोदय ने अभी तक उस स्कूल पर आकर जाँच नहीं किया गया!इस सम्बन्ध में जीप सदस्य बसुंधरा पाल ने फिर एक दो दिन के अंदर फिर उपायुक्त महोदय से धनबाद मिलने के लिये जायेंगे!

# कोयला मंत्री का बांसजोड़ा आगमन को लेकर तैयारी में जुटे अधिकारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

लोयाबाद । बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के बांसजोडा अग्नि प्रभावित क्षेत्र में निकल रही आग और गैस पर छाई भराठी कर कोयला मंत्री के लिए स्टेज बनाया जा रहा है। मंत्री जी आयेगें या नही यह अभी तक स्पष्ट नही है।

बताया जाता है कि सर्व प्रथम 24 जुलाई को कोयला मंत्री के आने की चर्चा जोर शोर से थी जिसको लेकर बाँसजोडा छः न० अग्नि प्रभावित क्षेत्र जहां पर आग और गैस का रिशाव जारी है उस पर बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा छाई मिट्टी भराठी



कर कोयला मंत्री के लिए स्टेज बनाया जा रहा है कार्यक्रम रद्द होने की खबर सुनकर स्टेज बनाने का कार्य को रोक दिया गया था परंतु बुधवार संध्या समय से अधिकारियों की देखरेख में पुनः स्टेज बनाने के काम शुरू कर दिया गया है जिनकी मुयाईना करने से सिजुआ महाप्रबंधक चितरंजन कुमार आज संध्या समय अधिकारियों टीम के साथ यहां पहुंचे जहाँ चितरंजन कुमार ने कहा की मंत्री जी कल आने की संभवना है परंतु अभी तक इसकी सरकारी पुष्टि नहीं हुई है परंतु हम लोग अपनी ओर से पूरी तैयारी कर रहे हैं विदित हो की 1 वर्ष पूर्व भी बाँसजोडा उक्त क्षेत्र का निवर्तमान कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी दौरा कर जा चुके हैं जिन्हें रैयत तथा ग्रामणो ने अपनी समस्याओं का माँग पत्र सौंपा था जिसपर आज तक कोई कारवाई नही हुई । फिर दूसरी बार केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी बांसजोडा अग्नि प्रभावित क्षेत्र की समस्या से रूबरू होने के लिए यहाँ आ रहे है और अधिकारियों तथा जनता से मिलेगें । और नियोजन, मुआवजा,पुर्नवास ,रोजगार, व बाँसजोडा यज्ञ मंडप , 12 न० व रेल लाईन के समीप आग जैसी समस्या को लेकर अधिकारियों से बात चीत होगी। देखना होगा कि जनता हित में सकारात्मक बात होगी य नही। वहीं सूत्रो के अनुसार अधिकारीयों ने पुरी मैप चॉट दिखाने तथा स्वागत की तैयारी कर रखी हैं । वहीं ग्रामीण तथा कॉंग्रेसी नेता असलम मंसूरी तथा राजकुमार महतो ने कहा कि इस बार स्थानिय ग्रामीणों की पुर्नवास तथा रैयतो को जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा की माँग को लेकर सीधी मंत्री से बात होगी। इस मौके पर अधिकारी निरिक्षण टीम बीबी सिंह,संजय सिंह , पी एल ध्रूवे, जीतेन्द्र कुमार, चंदन सिन्हा, तरूण कुमार, एस के दास आदि मौजूद थे ।

# पेड़ लगाओ, वन बचाओ - जीवन को खुशहाल बनाओ, के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक

अंतर्कथा प्रतिनिधि

दारू / हजारीबाग : बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय हजारीबाग को प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2024 में 57000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत सरकार के नीतिगत निर्देशों की अनुपालना में सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य एवं विस्तृत कार्यक्रम जारी कर वृक्षारोपण को सुनिश्चित करता है। इस कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।

इस कड़ी के तहत प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग में समय-समय पर पौधारोपण किया जाता रहा है। दिनांक 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण के अवसर पर के0 एस0 बन्याल,



महानिरीक्षक द्वारा स्वयं पौधा लगाकर वर्ष 2024 मानसून के वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। इस अभियान के प्रथम चरण में मेरु कैंप के कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न प्रकार के 3310 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए थे। कार्यक्रम की निर्धारित श्रृंखला में के0 एस0 बन्याल, के नेतृत्व में दिनांक 24 जुलाई 2024 को ग्राम-सरौनी के आस-पास के इलाकों में स्थानीय वन विभाग और सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के कार्मिको ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। जिसमें 10000 से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। मेरू कैम्प में पदस्थापित अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया

वृक्षारोपण उपरांत "पेड़ लगाओ, वन बचाओ" संदेश के साथ के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक ने कहा कि वृक्ष हमारे भविष्य के लिए अत्यावश्यक निवेश हैं वह जलवायु परिवर्तन और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन स्तर को कम करने में सहायक सिद्ध होते हैं। वृक्ष हमारी ऐसी संपदा है जो मनुष्य को हर प्रकार से लाभदायक है। इनके बिना जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। पेड़ हमारी धरती को हरा भरा ही बनाकर नही रखते बल्कि इन्ही की वजह से वायु स्वच्छ, हमारी धरती शीतल रह पाती है और जीवन संभव हो पाता है।

## समर्पण एक नेक पहल टीम देवघर के सचिव के पहल पर डायलिसिस के लिए मरीज को रक्त उपलब्ध कराई गई



अंतर्कथा प्रतिनिधि

एक बार फिर से समर्पण एक नेक पहल संस्था टीम देवघर के सचिव गंगाधर मंडल के पहल पर देवघर, मार्गोमुंडा ग्राम नवाडीह के रहने वाले 17 वर्षीय मरीज मुनिलाल मरांडी के डायलिसिस के लिए तत्काल ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था कराई गई।

रक्त की मांग की सूचना प्राप्त होते की श्री मंडल ने अपने मित्र समाजसेवी ऋषि कुमार से संपर्क कर रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया फिर थोड़ी देर में ही रक्तवीर सदर बैंक मधुपुर पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान कर जीवनदान देने का ईश्वरीय कार्य किया। संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात हैं कि हम सभी मिल मिलजुलकर पूरे राज्य में अपनी सेवा दे पा रहे हैं बाबा नगरी देवघर में हमारी संस्था सराहनीय कार्य कर रही हैं और इस कार्य के लिए संस्था के सचिव गंगाधर मंडल ज़ी तथा रक्त वीर ऋषि कुमार ज़ी का आंतरिक हृदय से धन्यवाद।

## उमेश दांगी ने आजसू पार्टी से दिया इस्तीफा



अंतर्कथा प्रतिनिधि

बड़कागांव। हरली निवासी वरिष्ठ पत्रकार सह समाजसेवी उमेश कुमार दांगी ने आजसू पार्टी से इस्तीफा दिया। श्री दांगी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके आजसू पार्टी के प्राथमिक सदस्यता छोड़ने के बात कही।उन्होंने आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष द्वारा आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष को जानकारी दी। बता दें उमेश कुमार दांगी ने पिछले वर्ष ही भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के समक्ष पार्टी में शामिल हुए थें। वहीं अब उमेश कुमार दांगी का राजनीतिक करवट किधर लेती है ये आने वालें समय ही बताएगा। क्योंकि झारखंड में दो माह के बाद विधानसभा चुनाव है।

## सेवानिवृत्त कोयला मजदूर हमारे लिए सम्मानीय है : सीएमडी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

केंदुआ।सेवा निवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ के तत्वाधान में कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ के समस्याओं को लेकर बीसीसीएल मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवशीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी समीरण दत्ता ने की। जबकि मंच का संचालन वरिष्ठ मजदूर नेता विदेश्वरी प्रसाद ने की।उद्घाटन के दौरान सीएमडी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा निवृत्त कोयला मजदूर हमारे लिए सम्मानीय है।तथा इनके समस्या के




समाधान के लिए कंपनी हमेशा तातपर्य है।आप में से किन्ही को किसी प्रकार की परेशानी होने पर हमसे सीधा संपर्क कर सकते है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित बीसीसीएल के निर्देशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इससे पूर्व सभी ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर तालियों की गड़गड़ाहट से जोरदार स्वागत किया।तदपश्चात कार्यक्रम के दूतीय सत्र में महामंत्री, कोषाध्यक्ष का प्रतिवेदन हुआ जिसमे महामंत्री विन्देश्वरी प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष चिमन कुमार ने रखा।इसके पश्चात सभा में सर्व सम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि वरिष्ठ नागरिक संघ धनबाद का विलय अभी से सेवा निवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ में कर दिया जाय।विलय के पश्चात कोयला खदान मजदूर संघ के महामंत्री बी के राय ने अपने उद्बोधन में संघ की देशव्यापी से संरचना पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला।महेंद्र प्रसाद सिंह ने सेवा निवृत्त कोयला कर्मियों की वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डालते समाधान में संघ के पहल पर प्रकाश डाला।तथा इसके बाद बीसीसीएल धनबाद को जोनल इकाई की घोषणा की।

# अलका याग्निक को कैसे हुई ये गंभीर बीमारी, और क्या है लक्षण

अंतर्कथा प्रतिनिधि

शरीर के हर अंग की तरह कान में भी कई तरह की समस्या एं होती हैं। आए दिन लोग कान के दर्द और संक्रमण से परेशान रहते हैं।

हाल ही में बॉलीवुड की जानी मानी सिंगर अलका याग्निक को कान से जुड़ी ऐसी दुर्लभ बीमारी हो गई है, जिसके बारे में पहले शायद ही कभी किसी ने सुना हो। उन्होंऐने हाल ही में अपने इंस्टा1ग्राम पोस्टा पर अपनी बीमारी के बारे में बताया है।

उन्होंने लिखा है कि 'जब मैं फ्लाइट से बाहर निकली, तो लगा कि मैं कुछ सुन नहीं पा रही हूं। डॉक्टंर ने बताया है कि यह एक रेयर सेंसरी न्यूटरल हियरिंग लॉस है, जो वायरल



अटैक के कारण हुआ है।' अल्काय ने अपने पोस्टस में फैंस को इस बीमारी से बचने की सलाह दी है। बता दें कि सेंसेरिन्यूरल हियरिंग लॉस एक गंभीर बीमारी है। इसमें किसी व्यक्ति को धीमी आवाज भी सुनाई नहीं देती। वहीं तेज आवाज भी बहुत धीमी सुनाई देती है या सुनाई नहीं देती।

## इसलिए सुनाई देना हो जाता है बंद


सेंसेरिन्यूरल हियरिंग लॉस की समस्या तब होती है, जब आपके कान की ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाए। 90 फीसदी मामलों में इसमें व्य क्ति को सुनाई देना बंद हो जाता है।

कई बार यह समस्या तेज शोर, जेनेटिक या फिर उम्र बढ़ने के कारण भी हो सकती है। दरअसल, हमारे भीतरी कान में कोक्लीअ एक महत्वजपूर्ण अंग है, जिस पर छोटे छोटे बाल होते हैं। इन्हेंम स्टीरियोसिलिया कहा जाता है। ये बाल साउंड वेव से आने वाली वाइब्रेशन को न्यूरल सिग्नकल में बदल देते हैं। इससे 85 डेसिबल से ज्यारदा तेज आवाज के संपर्क में आने से इन बालों को नुकसान पहुंचता है। बता दें जब तक 30-50 फीसदी बाल डैमेज नहीं हो जाते, तब तब आपको कम सुनाई देने का एहसास नहीं होता।

## सेंसेरिन्यूरल हियरिंग लॉस के लक्षण

- सुनने में परेशानी होना
- बच्चोंम और महिलाओं की आवाज सुनने में दिक्कडत होना
- चक्कोर आना
- तेज आवाज भी धीमी सुनाई देना
- दूसरे की आवाज दबी हुई सी लगना
- ऐसा फील होना कि आप आवाज सुन सकते हैं लेकिन समझ नहीं सकते।
- हर पल कानों में सीटी बजना

# रोहित शेट्टी ने 'Golmaal 5' पर फैन्स को दिया बड़ा अपडेट,कहा अभी भी वक्त है, गोलमाल सीरीज तो बनती रहेगी



अंतर्कथा प्रतिनिधि

रोहित शेट्टी बॉलीवुड में एक्शन मूवीज़ डायरेक्ट करने के लिए मशहूर हैं. फिलहाल वह 'सिंघम अगेन' की रिलीज को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं. कुछ वक्त पहले फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी लीक हुई थीं जिन्हें देखकर फैंस का एक एक्साइटमेंट लेवल और बढ़ गया था. लेकिन अब उन्होंने अपनी एक और फ्रेंचाइजी फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने एक इंटरव्यू में सभी की पसंदीदा फिल्म 'गोलमाल' के पांचवें सीक्वल के बारे में बताया है कि गोलमाल 5 आएगा या नहीं. रोहित शेट्टी से अक्सर पूछा जाता है कि 'गोलमाल 5' आएगी या नहीं? और इसके पांचवें पार्ट की चर्चा तब शुरू हुई जब 2018 में सिंबा के गाने 'आंख मारे' ने 'गोलमाल' सीरीज की पांचवीं फिल्म की ओर इशारा किया

अब डायरेक्टर ने फैन्स को बताया है कि 'गोलमाल 5' पाइपलाइन में है. 'पिंकविला' को दिए इंटरव्यू में रोहित शेट्टी से पूछा गया कि क्या वह 'गोलमाल 5' से जुड़ा कोई अपडेट दे सकते हैं? तो उन्होंने कहा कि अभी आने वाली फिल्म पर काम चल रहा है. इसमें समय लगेगा.

रोहित शेट्टी ने कहा, 'अभी भी वक्त है. गोलमाल सीरीज तो बनती रहेगी.

ऐसा तो हो ही नहीं सकता कि फिल्म न बने.

# शमी के दोस्त ने शमी को लेकर किया बहुत बड़ा खुलासा, वजह जान कर चौंक जाएंगे आप



अंतर्कथा प्रतिनिधि

शमी के करीबी बताए जाने वाले उमेश कुमार ने शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट 'अनप्लग्ड' में उनके उस वक्त के हालात के बारे में बताया जब वो अपने ऊपर लगे मैच फिक्सिंग के आरोप झेल रहे थे. पत्नी रहीं हसीन जहां के लगाए इस जहरीले आरोप के चलते शमी अंदर से बुरी तरह से टूट चुके थे. उमेश कुमार ने पॉडकास्ट में शमी के उस वक्त का हाल और उनकी मानसिक स्थिति के बारे में ही बताया है.

उमेश कुमार के मुताबिक शमी उस वक्त मेरे घर पर ही रह रहे थे. वो उस वक्त काफी चीजों से लड़ रहे थे. लेकिन, पाकिस्तान से मैच फिक्सिंग करने के आरोप ने उनकी रातों की नींदें, उनका चैन सब छिन रखा था. वो अपने दामन पर लगे मैच फिक्सिंग के छींटे से बिखर से गए थे. उमेश के मुताबिक शमी ने कहा भी था कि वो सब कुछ बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन देश के साथ धोखेबाजी का आरोप नहीं.

उमेश कुमार ने बताया कि ऐसा खबरों में भी आ चुका है कि मैच फिक्सिंग का आरोप लगने वाली रात शमी अपने साथ कुछ बुरा करने की सोच रहे थे.

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले धनबाद सांसद दुलू महतो



- झारखंड में अफसरों द्वारा किए जा रहे कर्तव्यहीनता के विरुद्ध केंद्रीय स्तर से करवाई करने की रखी मांग

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नयी दिल्ली : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित साह से माननीय धनबाद सांसद दुलू महतो ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। दुलू महतो ने झारखंड एवं धनबाद में चल रही गतिविधियों से श्री अमित साह जी को अवगत कराया। साथ ही अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही और उनके क्रियाकलापो से भी अवगत कराया। दुलू महतो ने कहा कि अपराध के विरुध देश में जीरो टॉलरेंस निति के साथ भाजपा की सरकार अग्रसर है, परंतु झारखंड खास कर धनबाद में प्रशासन ही अपराधियों को संरक्षण प्रदान कर रही है। धनबाद के अफसरों द्वारा किए जा रहे कर्तव्यहीनता के विरुद्ध केंद्रीय स्तर से करवाई की जाए जिससे राज्य को अपराध मुक्त बनाया जा सके। दुलू महतो द्वारा प्रशासनिक पदाधिकारियों की वस्तुस्थित अवगत कराने को गंभीरता से लेते हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने इस पर उचित कार्रवाई करने की पहल करने का भरोसा जताया।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98